राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के सपोर्टिव सुपरविजन हेतु जनपद बहराइच का सपोर्टिव सुपरविजन भ्रमण आख्या

भ्रमण तिथिः 27.06..2018 से 28.06.2018 तक

राज्य स्तरीय भ्रमण टीम–

- श्री प्रखर प्रकाश, परामर्शदाता, एम0आई0एस0।
- श्री सोनू कुमार जायसवाल, प्रोग्राम असिस्टेंट, निर्माण।

भ्रमण सम्बन्धी विवरण निम्न हैंः–

- प्रथम दिवस– तिथिः 27.06.2018 दिन बुधवार
  वी0एच0एन0डी0 कैम्प, फुलवरिया, बहराइच एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चर्दा, जनपद– बहराइच।
- द्वितीय दिवस– तिथिः 28.06.2018 दिन बृहस्पतिवार
  सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फखरपुर एंव अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलौराबासू एवं महिला चिकित्सालय जरवल जनपद– बहराइच।

प्रथम दिवस– तिथिः 27.06.2018

वी0एच0एन0डी0 कैम्प, फुलवरिया।

- वी0एच0एन0डी0 सत्र दिनांक 27.06.2018 को शाकिर के घर, फुलवरिया में लगाया गया था।
- कैम्प में मीनाक्षी वर्मा (संविदा ए0एन0एम0), मुन्नी देवी (आशा) एवं तारा देवी (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) उपस्थित थी।
- सत्र में 18 बच्चे एवं 2 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण होना था, जिसके सापेक्ष 12:30 बजे तक मात्र 4 बच्चो एवं 01 गर्भवती महिला का टीकाकरण हुआ था, मुन्नी देवी (आशा) को अपने समक्ष शेष को लाने हेतु निर्देशित किया गया।
- वी0एच0एन0डी0 कैम्प के समय गर्भवती महिला की जांच हेतु उचित व्यवस्थाएं एवं गोपनियता सुनिश्चित नही की जा रही थी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरदा।

- डा0 अर्चित श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चर्दा में तैनात हैं, जो अतिरिक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र रूपहडिहा में निवास करते हैं एवं विगत 01 वर्ष से कार्यरत हैं। डा0 कुवंर रितेश, चिकित्सा अधिकारी के रूप में तैनात हैं।
- 30 बैड की सी0एच0सी0 में वर्तमान में 26 बैड ही उपलब्ध है। सी0एच0सी0 हेतु कुल स्वीकृत 42 पद के सापेक्ष मात्र 08 पद भरे हुए है, साथ ही इनके अधीन पीएचसी बाबागंज में 13 के सापेक्ष 09, अतिरिक्त पीएचसी नवाबगंज में 12 के सापेक्ष 04 एवं अतिरिक्त पीएचसी रूपेहडिहा में 12 के सापेक्ष 05 08 पद भरे हुए है, संलग्नक–क। सी0एच0सी0 पर कोई ए0एन0एम0 कार्यरत नहीं है।
- उक्त सी0एच0सी0 के अर्न्तगत कुल 20 सब सेन्टर आते है, जिसमें से 02 सब सेन्टर पर ए0एन0एम0 कार्यरत नहीं है। साथ ही एम0ओ0आई0सी द्वारा अवगत कराया गया कि 20 उपकेन्द्रों में से 18 उपकेन्द्र बैठने लायक नहीं है।
- ब्लॉक पर चयनित 02 आर0बी0एस0के0 टीम हेतु 01 वाहन की व्यवस्था है, जबकि जनपद में 02 आरबीएसके टीम तैनात है।
- ब्लाक एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर द्वारा पोर्टल पर दिन–प्रतिदिन डाटा एन्ट्री कार्य नहीं किया जा रहा है और न ही इन एवं आउट रजिस्टर बनाया गया है।

- जे0एस0वाई0 का भुगतान विगत 02 माह में 03 बार ही किया गया है, जिसके कारण लाभार्थी को 14 दिन के अन्दर भुगतान प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस हेतु उचित निर्देश एम0ओ0आई0सी0 को दे दिये गये हैं। साथ ही कैम्प लगाकर सभी लम्बित जे0एस0वाई0 भुगतान को यथाशीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया।

द्वितीय दिवस– तिथिः 28.06.2018

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फखरपुर, बहराइच

- डा0 प्रत्यूष सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, साथ ही डा0 विवेक रंजन, चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।
- सम्बन्धित सी.एच.सी. से 05 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 28 उपकेन्द्र सम्बद्ध हैं। 28 उपकेन्द्र में से मात्र 22 में ही ए.एन.एम. कार्यरत हैं।
- ब्लॉक स्तर पर 02 आर.बी.एस.के. टीम तैनात हैं, जबकि मोबलिटी हेतु 01 वाहन ही उपलब्ध है। आर.बी.एस.के. टीम में तैनात डा0 अशफाक हुसैन, आयुष चिकित्साधिकारी एवं श्री जनमेजय गुप्ता, आप्टोमेट्रिस्ट दिनांक 28.06.2018 को अवकाश पर थे, परन्तु श्री जनमेजय गुप्ता स्वास्थ्य इकाई के निरीक्षण के दौरान प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थित नही थे, वो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य कारणों से कार्यालय में 11.00 बजे उपस्थित हुए थे।
- इकाई पर 07 स्टाफ नर्स तैनात हैं तथा माह जून 2018 में 249 सामान्य प्रसव हुए हैं जिसमें से 01 स्टिल बर्थ रिपोर्टेड है।
- इकाई पर 28.06.2018 को श्री शमशाद अहमद, लैब अटेण्डेन्ट द्वारा 08 एच.बी., 01 विडाल एवं 04 मलेरिया की जॉच हेतु सैम्पल एकत्र किया गया।
- संबंधित इकाई में सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी, सफाईकर्मी को स्थल पर बुला कर अपने समक्ष सभी वार्ड, टॉयलेट इत्यादि साफ करा दिये गये तथा नियमित सफाई व्यवस्था हेतु संबंधित को डा0 प्रत्यूष सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं टीम द्वारा सचेत किया गया।
- एम0सी0पी0 कार्ड पूर्ण रूप से भरने एवं प्रत्येक दशा में एम0सी0टी0एस0 आई0डी0 अंकित किया जाना।
- ब्लॉक स्तर पर एम0सी0टी0एस0 इन आउट रजिस्टर एवं प्रतिदिन पोर्टल पर लाभार्थी विवरण अपडेट किया जाना।
- जे0एस0वाई योजना के अन्तर्गत ससमय भुगतान करने, डाइट रजिस्टर का रख रखाव एवं प्रसूताओं को न्यूनतम 48 घण्टे रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिलौरा बासू, बहराइच

- डा0 अताउर्रहमान, प्रभारी चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, साथ ही डा0 सुषमा दुबे, चिकित्साधिकारी, फिरोज फार्मासिस्ट, वार्डब्वाय राजकुमार तथा स्वीपर सीताराम कार्यरत हैं।
- केन्द्र पर तैनात ए.एन.एन. प्रीति विगत 04 माह से अवकाश पर हैं। उक्त केन्द्र नान डिलीवरी पॉइन्ट है।
- भ्रमण के दिन लगभग 65 मरीज देखे गये थे, जिसमें से 33 नये पर्चे थे।
- उक्त केन्द्र पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, पानी का मोटर खराब पड़ा है। पीने का पानी समीप स्थित विद्यालय से लाया जाता है।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिलौरा बासू लगभग 2 वर्ष पूर्व हस्तगत कराया गया था, परन्तु केन्द्र पर नाम अंकित नहीं था, जिस हेतु डा0 अताउर्रहमान, प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं डा0 प्रत्यूष सिंह, प्रभारी ब्लॉक चिकित्साधिकारी को सूचित कर दिया गया था, दिनांक 11.07.2018 को सम्बन्धित द्वारा नाम अंकित करने की पुष्टि कर दी गयी है।

महिला चिकित्सालय जरवल, बहराइच, जून 2018

- डा0 रईस अहमद, प्रभारी चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।
- केन्द्र पर आर0एस0 राय, एन0एम0एस0, मो0 इरकान फार्मासिस्ट, मो0 अहमद फार्मासिस्ट तथा 03 स्टाफ नर्स नीता, ममता, जेनिफर कार्यरत हैं।
- केन्द्र पर 02 ए0एन0एम0 दीपिका सिंह एवं शीला सिंह, कार्यरत हैं।
- सफाई कर्मचारी नहीं है जिसके कारण सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी।
- जल एवं विद्युत व्यवस्था दुरूस्त किया जाना।
- उक्त चिकित्सलय में औसतन 20 सामान्य प्रसव प्रति माह कराये जा रहे है, केन्द्र पर 03 स्टाफ नर्स वर्तमान में तैनात है।

(सोनू कुमार जायसवाल)

प्रोग्राम असिस्टेंट, निर्माण।

(प्रखर प्रकाश)

परामर्शदाता, एम0आई0एस0

दिनांक 27–28 जून 2018 को सपोर्टिव सुपरविजन के अन्तर्गत जनपदीय टीम द्वारा

इंगित कमियो/सुधारो पर संबंधित स्तर से अपेक्षित कार्यवाही

भ्रमण स्थल/तिथि	संबंधित स्वास्थ्य इकाई स्तर पर अपेक्षित कार्यवाही	संबंधित अधिकारी
वी0एच0एन0डी0 कैम्प, फुलवरिया, बहराइच/27 जून 2018	• कैम्प में उपस्थित सभी कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं थे। भविष्य में सभी को निर्धारित ड्रेस कोड में ही कैम्प में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाए। • वी0एच0एन0डी0 कैम्प के समय गर्भवती महिला की जांच हेतु उचित व्यवस्थाएं एवं गोपनियता सुनिश्चित की जाए। • आशा को सत्र स्थल पर डयू लिस्ट के अनुसार संबंधित लाभार्थी को लाने हेतु निर्देशित किया लाए।	ए0एन0एम0, फुलवरिया, बहराइच/ प्रभारी चिकित्साधिकारी, नानपारा।
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चर्दा, ब्लाक–नवाबगंज, बहराइच/27 जून 2018	• सी0एच0सी0 के अर्न्तगत कुल 19 सब सेन्टर है, जिसमें से 02 पर ए0एन0एम0 कार्यरत नहीं है। शेष 02 उपकेन्द्र पर एएनएम को नियुक्त/सम्बद्व किया जाना। • लेबर रूम में परदे उपलब्ध कराया जाना तथा अटैच टायलेट इत्यादि ठीक कराया जाना।	प्रभारी चिकित्साधिकारी, चर्दा।
	• सी0एच0सी0 हेतु स्वीकृत 42 पद के सापेक्ष 08 स्टाफ कार्यरत हैं। एम0ओ0आई0सी द्वारा अवगत कराया गया कि स्टॉफ की बहुत कमी है, मात्र 01 संविदा स्टॉफ नर्स तैनात है। यथासंभव आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराया जाए। • सी0एच0सी0 परिसर के मेन गेट के सामने पुरानी बिल्डिंग जर्जर हालत में पडी है, जिसे अभी तक ध्वस्तीकरण नही किया गया है जिसके कारण परिसर में सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी तथा सांप आदि जहरीले जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है। जो जनमानस के लिए हानिकारक है। जिसे ध्वस्तीकरण कराया जाना अपेक्षित है। • सी0एच0सी0 के प्रथम तल के कमरों में दरवाजे टूटे हुए है तथा दरवाजों में कुण्डी नहीं है जिससे सामान चोरी होने की सम्भावना बनी रहती है। जिसे ठीक कराया जाना अपेक्षित है। • एम0ओ0आई0सी द्वारा अवगत कराया गया कि सी0एच0सी0 के अर्न्तगत कुल 20 सब सेन्टर में से 18 बैठने लायक नहीं है, जिन्है ठीक कराया जाना अपेक्षित है। • सी0एच0सी0 में पानी सप्लाई हेतु प्रयोग की गयी पाईप लाइन अत्यधिक खराब है जिसके कारण पूरे परिसर में पानी की समस्या बनी रहती है, जिसे ठीक कराया जाना अपेक्षित है।	मुख्य चिकित्साधिकारी, बहराइच।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फखरपुर, बहराइच / 28 जून 2018	• संबंधित इकाई में सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी, सम्बन्धित स्वीपर को प्रभारी चिकित्साधिकारी स्तर से सचेत किया जाए।	प्रभारी चिकित्साधिकारी, , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द फखरपुर, जनपद बहराइच
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिलौरा बासू, बहराइच	• केन्द्र पर तैनात ए.एन.एन. प्रीति विगत 04 माह से अवकाश पर हैं, उसके स्थान पर अन्य एएनएम को नियुक्त / सम्बद्व किया जाना। • उक्त केन्द्र पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, पानी का मोटर खराब पड़ा है। पीने का पानी समीप स्थित विद्यालय से लाया जाता है। मोटर तत्काल ठीक कराया जाना अपेक्षित है।	प्रभारी चिकित्साधिकारी, , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द फखरपुर, जनपद बहराइच
महिला चिकित्सालय जरवल, बहराइच / 28 जून 2018	• सफाई कर्मचारी नहीं है जिसके कारण सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी। • जल एवं विद्युत व्यवस्था ध्वस्त है, जिसे तत्काल दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। • उक्त चिकित्सलय में औसतन 20 सामान्य प्रसव प्रति माह कराये जा रहे है, जबकि केन्द्र पर 03 स्टाफ नर्स एवं 02 एएनएम वर्तमान में तैनात है।	प्रभारी चिकित्साधिकारी, , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द जरवल, बहराइच

दिनांक 27 एवं 28 जून 2018 को सपोर्टिव सुपरविजन के अन्तर्गत जनपदीय टीम द्वारा जनपद बहराइच में कृत कार्यवाही

भ्रमण स्थल/तिथि	कृत कार्यवाही
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरदा, ब्लाक–नवाबगंज, बहराइच/27 जून 2018	• जे0एस0वाई योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित कर्मी द्वारा लाभार्थियों के भरे फॉर्म एकत्रित थे तथा पी0एफ0एम0एस0 इनवायस जनरेट कर रक्षित की गयी थी, जिसे अपने समक्ष पोर्टल पर फीड कराते हुए इनवाइस जनरेट करायी गयी। • चिकित्सालय स्तर पर एम0सी0टी0एस0 इन आउट रजिस्टर उपलब्ध नहीं था, जिस हेतु सम्बन्धित को रजिस्टर उपलब्ध कराते हुए वांछित कॉलम जनरेट करा दिया गया, तथा भविष्य में उसे अपडेट करने हेतु निर्देशित किया। • संबंधित इकाई में सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी, सम्बन्धित सुपरवाइजर को सम्बन्धित स्थल पर बुला कर अपने समक्ष सभी वार्ड, टॉयलेट इत्यादि साफ करा दिये गये तथा नियमित सफाई व्यवस्था हेतु सुपरवाइजर को सचेत किया गया। • मीटिंग कक्ष में राइटिंग बोर्ड के स्थान पर दीवार पर लिखा जा रहा था, राइटिंग बोर्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी। • पोषण पुनर्वास केन्द्र (चिल्ड्रेन वार्ड) की टी0वी0 अन्यत्र लगी थी, जिसे पुनः पोषण पुनर्वास केन्द्र में अपने समक्ष लगवाया गया।
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फखरपुर, बहराइच/ 28 जून 2018	• दिनांक 28 जून 2018 को ब्लॉक स्तर पर एम0सी0टी0एस0 आपरेटर से संबंधित रजिस्टर पर एम0सी0टी0एस0 आई0डी0 अपने समक्ष अंकित कराया गया, तथा ए0एन0एम0 को एम0सी0पी0 कार्ड पर उसे भविष्य में अंकित करने हेतु कहा गया। • एम0सी0पी0 कार्ड पूर्ण रूप से भरने एवं प्रत्येक दशा में एम0सी0टी0एस0 आई0डी0 अंकित किया जाना। • ब्लॉक स्तर पर एम0सी0टी0एस0 इन आउट रजिस्टर एवं प्रतिदिन पोर्टल पर लाभार्थी विवरण अपडेट किया जाना। • संबंधित इकाई में सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी, सम्बन्धित सुपरवाइजर को सम्बन्धित स्थल पर बुला कर अपने समक्ष सभी वार्ड, टॉयलेट इत्यादि साफ करा दिये गये तथा नियमित सफाई व्यवस्था हेतु सुपरवाइजर को सचेत किया गया।
अति0 पीएचसी भिलौराबासु/ 28 जून 2018	• सम्बन्धित इकाई पर कार्यरत 02 चिकित्साधिकारियों द्वारा एक ही कमरे में ओ0पी0डी0 के मरीज देखे जाने के कारण कक्ष में अत्यधिक भीड़ थी अतः प्रभारी चिकित्साधिकारी से अनुरोध कर अलग–अलग कक्ष में ओ0पी0डी0 किये जाने का प्राविधान कराया गया। • इकाई पर भर्ती महिला मरीज को जमीन पर लिटा कर उपचार किया जा रहा था, जबकि विपरीत स्थित कक्ष में 02 बेड उपलब्ध थे। टीम द्वारा अपने समक्ष उक्त मरीज को बेड पर स्थानान्तरित कराया गया।
महिला चिकित्सालय जरवल, बहराइच/ 28 जून 2018	• नियमित सफाई कर्मचारी नहीं है जिसके कारण सफाई व्यवस्था अत्यन्त खराब थी • केन्द्र पर मात्र 01 बेसिन क्रियाशील है। विद्युत व्यवस्था पूर्णरूप से खराब है। खुले तार के माध्यम से कक्ष में विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। • उक्त चिकित्सलय में औसतन 20 सामान्य प्रसव प्रति माह कराये जा रहे है, तथा केन्द्र पर 03 स्टाफ नर्स एवं 02 ए0एन0एम0 वर्तमान में तैनात है।